# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),**

**निकट टोल प्लाजा, मड़वानगर, बस्ती-272002**

ई-मेल: eeupjnruralbasti@gmail.com

---

**पत्रांक** 577 / M-3 / 48 **दिनांक** 27 / 05 / 2026

**सेवा में,**

जिलाधिकारी,

बस्ती।

**विषय:-** **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 26.05.2026 को प्रकाशित "बस्ती में जल जीवन मिशन की दीवार गिरी: आंधी से ढही पानी की टंकी की बाउन्ड्रीवाल, गुणवत्ता पर सवाल" के नकारात्मक क्लीपिंग/ निस्तारण के सम्बन्ध में।**

**महोदया,**

उपरोक्त विषयक दिनांक 26.05.2026 को दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में प्रकाशित "बस्ती में जल जीवन मिशन की दीवार गिरी: आंधी से ढही पानी टंकी की बाऊन्ड्रीवाल, गुणवत्ता पर सवाल" शीर्षक के अन्तर्गत नकारात्मक क्लीपिंग के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद बस्ती के विकास खण्ड-विक्रमजोत में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत मेसर्स VSA Infra Project- SCL (JV) द्वारा शंकरपुर ग्राम पंचायत पेयजल योजना का कार्य कराया जा रहा है। दिनांक 26.05.2026 को अधोहस्ताक्षरी, सम्बन्धित सहा०अभि० एवं जू०इंजी० के साथ ही साथ कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि द्वारा योजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त योजना का थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन एजेन्सी(TPIA) द्वारा गुणवत्ता सत्यापित बाउन्ड्रीवाल का निर्माण 02 वर्ष पूर्व में कराया गया था जिसके निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती गयी है। कैम्पस में कार्य के दौरान JCB की ठोकर लग जाने से बाउन्ड्रीवाल एक तरफ से क्रैक हो गयी थी, जो दिनांक 25-26 मई की रात तेज आंधी के अत्यधिक दबाव के कारण क्रैक हुई बाउन्ड्रीवाल गिर गयी। इस घटना से किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। क्षतिग्रस्त बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

उपरोक्त योजना वर्तमान में निर्माणाधीन है जिसे लक्षित समयान्तर्गत पूर्ण कर जलापूर्ति संचालित करा दिया जायेगा। जलापूर्ति से सम्बन्धित कोई भी समस्या जल सारथी ऐप एवं टोल फ्री नं 18001212164 पर पंजीकृत की जा सकती है। विभाग समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रतिबद्ध है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

**संलग्नक: उपरोक्तानुसार।**

**भवदीय**

**(योगेन्द्र प्रसाद)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ०सं० तथा दिनांक तदैव:-**

**प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-**

1. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(गो०क्षे०), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**

# शंकरपुर पेयजल योजना, विकास खण्ड-विक्रमजोत




